(ग) नवम्बर-दिसम्बर, 1978 के दौरान परिवहन कठिनाइयों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश सहित समस्त उत्तर पश्चिम क्षेत्र में उत्पादों की कमी महसूस की गई थी। उत्तरप्रदेश के डिपों को एच०एस०डी० की सप्लाई बढ़ाने के लिए उपाये किये गये हैं और इस उत्पाद की उपलब्धता से सम्बन्धित स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

पुराणपुर (उत्तर प्रदेश) और राम शहर (हिमाचल प्रदेश) में गैस और तेल की खोज

176. श्री दयाराम शाक्य : क्या पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पुराणपुर (उत्तर प्रदेश) और राम शहर (हिमाचल प्रदेश) में कितनी मात्रा में तेल और गैस मिलने की संभावनाएं हैं और वहां की गई खोज पर सरकार ने कितनी धनराशि खर्च की; और

(ख) सरकार तेल छिद्रण कार्य कब आरंभ करेगी ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा राम शहर, हिमाचल प्रदेश में एक कुआं खोदा गया था परन्तु इसमें कोई तेल अथवा गैस नहीं पायी गयी थी। पूरन-पुर, उत्तर प्रदेश में एक कुएं को खोदने का कार्य चल रहा है और खुदाई का कार्य पूरा होने के बाद तथा कुएं के परीक्षण के बाद ही तेल और गैस के प्राप्त होने की सम्भावना के सम्बन्ध में पता चलेगा। पूरनपुर और राम शहर परियोजना में अन्वेषण पर अभी तक किया गया खर्च इस प्रकार है:—

पूरनपुर परियोजना	324.95 लाख रुपये
राम शहर परियोजना	619.50 लाख रुपये

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

सातवें तथा छठे अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों पर किया गया खर्च

177. श्री हरगोविन्द वर्मा : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवें अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह पर, मदवार, कितनी धनराशि खर्च की गई;

(ख) छठे अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में उन्हीं मदों पर कितनी धनराशि खर्च की गई;

(ग) क्या छठे समारोह की तुलना में सातवें समारोह पर अधिक धनराशि खर्च की गई; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) और (ख). सूचना संलग्न विवरण में दी गई है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

सातवें अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह, 1979 और भारत के छठे अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह, 1977 पर हुआ मद-वार व्यय दर्शाया गया है

क्रम संख्या	मद	भारत के सातवें अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह पर हुआ अनुमानित व्यय (लाख रुपयों में)	भारत के छठे अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह पर हुआ व्यय
1	थियेटर व्यय	4.84	6.12
2	स्थानीय आतिथ्य	5.28	4.48
3	यात्रा, वाहन और भाड़ा और फिल्मों का बीमा	9.80	19.64
4	उपहार स्वरूप टिकट	1.22	1.12
5	कर्मचारियों को पारिश्रमिक, मानदेय और भत्ता	3.00	3.14
6	मुद्रण और प्रचार तथा पत्र सूचना कार्यालय के व्यय	5.00	6.09
7	पुरस्कार और उपहार	0.70	0.66
8	स्मारिका व्यय	0.85	0.96
9	फिल्म सेमीनार	0.30	0.20
10	पंजीकरण शुल्क	0.65	0.64
11	सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि	0.60	0.51

1	2	3	4
12	टेलीफोन व्यय	0.50	0.35
13	दुभाषियों और मार्गदर्शकों का शुल्क	0.25	0.21
14	विविध व्यय और अन्य मदें	0.75	0.61
15	स्टेशनरी	0.25	0.15
16	फर्नीचर/उपकरणों का किराया	0.35	0.28
17	डाक और तार	2.00	1.18
18	भारतीय पैनोरमा	0.75	—
19	बाजार विभाग पर 50 प्रतिशत	1.75	—
	योग	38.84 अर्थात् 39.00	46.34

सातवें अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में नियुक्त किये गये व्यक्ति

178. **श्री हरगोविन्द वर्मा :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवें अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में कितने व्यक्ति नियुक्त किए गए थे;

(ख) उनकी नियुक्ति किस आधार पर की गई थी; और

(ग) क्या इन व्यक्तियों की भर्ती रोजगार कार्यालयों के माध्यम से की गई थी और यदि नहीं, तो क्यों ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) 42 दैनिक मजूरी वाले कर्मचारी–26 मैसेंजर/मजदूर, 10 टाइपिस्ट–व–लिपिक, 5 स्टेनोग्राफर और एक लेखकार–और 72 वालेंटियर मार्गदर्शक और अशर।

(ख) व्यक्तियों के चयन की कसौटी इस प्रकार थी:—

श्रेणी	चयन की कसौटी
1. मजदूर	शारीरिक कार्य करने के योग्य।
2. मैसेंजर	बुद्धि दर्शनीयता, पढ़ने और लिखने की क्षमता और विषम समय वाली ड्यूटी करने की इच्छुकता।
3. टाइपिस्ट और स्टेनोग्राफर	हुनर की परीक्षा और लम्बे और और विषम समय वाली ड्यूटी करने के लिए व्यक्तियों की उपलब्धता।
4. लेखाकार	व्यावसायिक योग्यता और लेखा कार्य करने में विशेषज्ञता।
5. वालंटियर मार्गदर्शक और अशार	सिनेमा में रुचि अधिमानत: किसी विदेशी भाषा की जानकारी और दर्शनीयता, आदि।

(ग) तीन मजदूरों को छोड़ कर शेष सभी मजदूर सभी मैसेंजर और लेखाकार रोजगार कार्यालय द्वारा नामित व्यक्तियों में से रखे गए थे। तीन मजदूरों को फिल्मों की प्रिंटों की निकासी का अचानक हो गए अधिक काम को करने के लिए आपातकालीन आधार पर रखा गया था। जहां तक टाइपिस्टों और स्टेनोग्राफरों का सम्बन्ध है रोजगार कार्यालय ने पर्याप्त संख्या में व्यक्ति नहीं भेजे थे, अत: आवेदन-पत्र समाचारपत्रों में विज्ञापन के माध्यम से आमंत्रित किये गए थे। वालंटीयर मार्गदर्शक और अशरों का चयन विदेशी भाषा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, विदेशी भाषा संस्थान, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नेशनल स्कूल आफ ड्रामा और विभिन्न कालेजों की फिल्म सोसाइटियों जैसे संस्थानों की सिफारिशों के आधार पर किया गया था।

सातवें फिल्म समारोह के दौरान नियुक्त किए गए व्यक्ति

179. **श्री हरगोविन्द वर्मा :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवें फिल्म समारोह के दौरान नियुक्त किए गए व्यक्तियों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उनमें से प्रत्येक व्यक्ति को उस अवधि के लिए कितनी धनराशि दी गई ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) और (ख). सूचना विवरण में दी गई है, जो सभा पटल पर रखी गयी है। [ग्रन्थालय में रखा गया, देखिये संख्या LT—3270/79]